Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding relief package to flood affected districts of Maharashtra.

श्री सुनील बाबूराव मेंढे (भन्डारा-गोंदिया): महोदय, महाराष्ट्र में मेरे क्षेत्र भन्डारा-गोंदिया और आसपास के जिलों में इस कोरोना महामारी के बीच 28-29 व 30 अगस्त को भारी मात्रा में बाढ़ के साथ-साथ भारी वर्षा भी हुई थी। इसमें करीब-करीब 231 गाँव और 70 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हुए है।

महोदय, 8 हजार से ज्यादा घरों को नुकसान हुआ था, जिसमें करीब 700 घर पूरे के पूरे नष्ट हो गए थे। इसमें चार लोगों की दु:खद मृत्यु भी हुई थी। मेरे किसान भाइयों की करीब-करीब 2100 हैक्टेअर फसल पूरी तरह नष्ट हो गई थी।

महोदय, प्राथमिक अंदाज के अनुसार करीब 500 करोड़ रुपये का नुकसान मेरे क्षेत्र में हुआ था। दु:ख की बात ऐसी है कि केवल 16.5 करोड़ रुपया ही अब तब बाढ़ग्रस्त लोगों तक पहुँचाया गया है।

केन्द्र की टीम ने भी वहां का दौरा किया है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से गुजारिश करता हूं कि बाढ़ग्रस्त लोगों को भारी मात्रा में मदद पहुँचाई जाए और जो लोग अभी बाहर रह रहे हैं, उन्हें भी राहत दी जाए।